कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com

पत्रांकः– 876 / कार्य-3 / ~~8072~~ दिनांकः– 27/04/26

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय- दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "कन्नौज में जल जीवन मिशन की टंकी सूखीः करोड़ों खर्च के बाद भी ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरसे" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 27.04.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "कन्नौज में जल जीवन मिशन की टंकी सूखीः करोड़ों खर्च के बाद भी ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरसे" के शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड उमर्दा ग्राम पंचायत बघेलेपुरवा व कुंवरपुर पट्टी पेयजल योजना का निर्माण कार्य मैसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

फर्म के पत्रांक संख्या VSAIPPL-SMC JV/KANNAUJ/SWSM/2026-27/556 दिनांक 27.04.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम पंचायत उमर्दा जोन-1 पुनर्गठन पेयजल योजना ब्लाक उमर्दा में पूर्व निर्मित बाउन्ड्रीवाल, पम्प हाउस एवं अवर जलाशय के मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए सौर ऊर्जा अधिष्टापित करा दिया गया है, उक्त ग्राम पंचायत के जोन-1 में पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कराते हुए 210 कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। उक्त ग्राम पंचायत के मजरा बघेलेपुरवा व कुंवरपुर पट्टी में अवशेष कार्य प्रगति पर है। जल्द ही योजना के अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए उक्त ग्राम पंचायत में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

भवदीय

( वी0 पी0 सिंह )
अधिशासी अभियन्ता
o/c

पत्रांकः– 876 / कार्य-3 / ~~80~~ 72 दिनांकः–

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2- मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता
o/c

Scanned with OKEN Scanner